हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 दिसम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 ठंड का बढ़ा असर, वनांचल में पड़ रहा पाला, ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई



## खबर संक्षेप

### बिलासपुर से बरामद की गई होटल से चोरी हुई कार

**अंबिकापुर।** रिकवरी की गई कार की चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने होटल परिसर से कार चोरी कर लिया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा के हामिद खान आ. छोटे खान द्वारा मारुती सुजुकी कार क्रमांक सीजी 11 बीक्यू 9992 की क़िस्ति जमा नहीं करने पर कंपनी द्वारा 7 लाख रुपए की कार को सीज किया गया था। सीज की गई कार शहर के होटल गोविन्दम परिसर में खड़ी की गई थी जिसे 25-26 नवम्बर की रात अज्ञात चोर चोरी करके ले गए थे इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद बिलासपुर के सरकंडा से कार को बरामद किया है इसके साथ ही इस मामले में बलौदा बाजारपारा निवासी 20 वर्षीय सादिक हुसैन आ. हामिद खान, मिथिलेश केवत्य उर्फ बिट्टू आ. संजय कुमार, 55 वर्षीय हामिद खान आ. छोटे खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने इस मामले मामले में आरोपियों को बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए), 238 (ग) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही कार को बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीपी तिवारी, सउनि अनिल पांडेय, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, अनिल परिहार, रमेश राजवाड़े सक्रिय रहे।

### शराब पीकर ई रिक्शा चलाने वाले चालक पर 10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर ऑटो चलाने वाले चालक पर न्यायालय ने 10 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही चालक को ऑटो रिक्शा से संबंधित दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखकर वाहन चलाने की नसीहत दी गई है। बताया जा रहा है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच के दौरान 6 दिसम्बर को ई रिक्शा क्रमांक सीजी 15 ईजी का चालक मनीष यादव आ. विक्रम यादव की पुलिस ने ब्रीथ एनालाइजर से जांच की। जांच के दौरान चालक मनीष यादव शराब के नशे में धुत पाया गया। इसके साथ ही वह मौके पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं कर पाया। ऐसे में यातायात पुलिस ने चालक मनीष यादव को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 130(3) के तहत न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने ई रिक्शा चालक मनीष यादव पर 10 हजार 500 रुपए का समन शुल्क लगाया गया है। इसके साथ ही सरगुजा पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को हिदायत दी गई है कि शराब पीकर ऑटो रिक्शा ना चलाएं एवं संबंधित ऑटो रिक्शा का आवश्यक दस्तावेज एवं अपना ड्राइविंग लाइसेंस अपने पास रखकर ही वाहन चलाएँ।

### अवैध रेत लोड करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**अम्बिकापुर।** वाड्रफनगर तहसील अंतर्गत ग्राम जमाई स्थित लोदी नदी से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने के मामले में अधिकारियों ने तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर अधिकारियों की संयुक्त टीम ग्राम जमाई पहुंची थी। इस दौरान नदी से रेत उत्खनन कर श्रमिकों द्वारा तीन ट्रैक्टर में रेत लोड किया जा रहा था। अधिकारियों ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने के मामले में तीनो ट्रैक्टर जब्त कर बसंतपुर पुलिस के सुपुर्द किया है।

## जिले के 466 केन्द्रों में हुई राज्यव्यापी परीक्षा

# सरगुजा में 16 हजार से अधिक ने नवसाक्षर बनने दी परीक्षा



केन्द्रीय जेल में परीक्षा देते नवसाक्षर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

**खास बात**
- केन्द्रीय जेल में 219 हुए शामिल, सीतापुर में 2245 ने दी परीक्षा

रविवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्यव्यापी महापरीक्षा का आयोजन किया गया। 466 केन्द्रों में हुई इस परीक्षा में 16 हजार 258 नव साक्षर शामिल हुए। ख़ास बात यह है कि केन्द्रीय जेल में भी बंदियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया।

बता दें कि सरगुजा जिले में भी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्यव्यापी महापरीक्षा का आयोजन किया गया था। कलेक्टर व जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इस बार महा परीक्षा में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा 24 हजार 414 परीक्षार्थियों का लक्ष्य रखा गया था व शाम 4 बजे तक 16 हजार 258 नवसाक्षर परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जिलेभर में परीक्षा को महोत्सव जैसा माहौल मिला,गांवों में शिक्षार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। कई परीक्षा केंद्रों में एक ही परिवार से सास-बहू, पति-पत्नी, देवरानी-जेठानी समेत 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हुए। कई महिलाओं ने अपने छोटे बच्चों को साथ लेकर परीक्षा दी, जो उनके शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी श्रीमती वाणी मुखर्जी ने बताया कि केंद्रीय जेल अंबिकापुर में भी परीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया था, जहां 219 नवसाक्षर बंदियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी। केंद्र की व्यवस्था का निरीक्षण डीईओ डॉ. दिनेश कुमार झा, अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, सहायक संचालक अनिल अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, निदेशक जन शिक्षा संस्थान एम. सिद्दीकी ने किया। जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह महापरीक्षा 15 वर्ष से अधिक उम्र के उन शिक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी,जो लंबे समय से शिक्षा की मुख्यधारा से दूर थे, जिन्होंने विद्यालय छोड़ा था या जिन्होंने उल्लास प्रवेशिका के 7 पाठ या 200 घंटे की पढ़ाई पूरी की थी। महापरीक्षा अभियान के सभी केन्द्रों की गतिविधियों की सतत निगरानी कंट्रोल प्रभारी रजनीश मिश्रा और अभिलाष खरे द्वारा की गई और समय-समय पर रिपोर्ट राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण को भेजी गई। जिले में कुल 466 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें दोपहर 4 बजे तक 14,648 शिक्षार्थियों ने परीक्षा दी। विकासखंड स्तर पर भी बतौली में प्राचार्य डाईट केसी गुप्ता, लखनपुर में डीएमसी सर्वजीत पाठक, उदयपुर में रविशंकर तिवारी, लुंड्रा में रमेश सिंह, मैनपाट में सुनिल तिवारी, अम्बिकापुर एवं सीतापुर में गिरीश गुप्ता पूरे जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा राज्य स्तर से अखिलेश तिवारी, सहायक संचालक सभी ने परीक्षा महापरीक्षा की निरंतर मॉनिटरिंग की।

### शहर के 55 केन्द्रों में हुई अमीन भर्ती परीक्षा

रविवार को व्यवसायिक शिक्षा मंडल की अमीन भर्ती परीक्षा शहर के विभिन्न 56 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था।



अमीन भर्ती परीक्षा के लिए सरगुजा के 18779 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था जिसमें से 13445 ने परीक्षा में भागीदारी की जबकि 5334 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए दोपहर 12 बजे से 2.45 बजे का समय निर्धारित था। व्यापम द्वारा निर्धारित सुरक्षा नियमों के कारण परीक्षार्थी समय पूर्व ही परीक्षा केन्द्र में पहुंच गए थे। एक-एक परीक्षार्थी को जांच उपरांत केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद एक साथ परीक्षार्थियों के बाहर निकलने एवं मुख्य मार्ग पर पहुंचने के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति निर्मित हुई। आवागमन सुचारू करने के लिए यातायात पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कही भी कोई गड़बड़ी नहीं मिली न ही कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हुई।

## चार युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वीडियो जारी करने के बाद युवक ने लगाई थी फांसी

युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वायरल वीडियो में मृतक द्वारा बताए गए चार युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि शहर के बौरीपारा शिकारी रोड निवासी परम तिवारी आ. आदित्यनाथ तिवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवक पॉलिटेक्निक का छात्र था और पिछले एक-डेढ़ साल से परिवार से अलग केदारपुर सहेली गली में किराए के मकान में रहता था। इस दौरान अपनी मौत से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया था जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदारी महुआपारा निवासी छोटू पंडित उर्फ छोटू मिश्रा, बुद्धि पंडित, विक्रांत व प्रांजल मिश्रा को बताया है। युवक ने वीडियो में बताया था कि 5 दिसम्बर की शाम 7 बजे वह जिम से अपने दोस्त के साथ निकला जहां उसके मित्र का एक दोस्त पहले से मौजूद था। जब सभी अग्रसेन चौक पहुंचे तो विक्रांत व अन्य युवक का विवाद हुआ। इस घटना के बाद आरोपियों ने परम तिवारी के घर जाकर उसके माता-पिता भाई को भी जान से मरने की धमकी दी। युवक ने वीडियो में बताया था कि यदि उसे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार उक्त चारों युवक होंगे। वायरल वीडियो और मर्ग के आधार पर पुलिस ने मामले में छोटू मिश्रा, बुद्धि पंडित, विक्रांत व प्रांजल मिश्रा के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

**चल रही है जांच**

युवक की आत्महत्या के मामले में जारी किए गए वीडियो के आधार पर चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

### यूपी से आ रहा ट्रक और 400 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की ओर से एक ट्रक में अवैध रूप से धान लाए जाने की जानकारी प्राप्त होते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक नंबर सीजी 29 एएफ 0480 में लगभग 400 बोरी अवैध धान लोड था, जिसे बिना वैध दस्तावेजों के जिले की सीमा में लाया जा रहा था। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को रोका, सामग्री की जांच की और धान को कब्जे में लेकर वाहन को संबंधित थाने के सुपुर्द कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी नीर नंदेहा ने कहा है कि जिले में धान खरीदी सीजन के दौरान प्रत्येक स्तर पर अवैध गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। चेक पोस्टों पर निगरानी को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा है कि आगे भी अवैध परिवहन, भंडारण गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन के बाद गंभीर हुई प्रसूता की मौत परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रेफर करने के बाद भी नहीं बची प्रसूता की जान



पुलिस को बयान देते परिजन।

बलरामपुर जिला अस्पताल से रेफर प्रसूता की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑपरेशन के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन रेफर करने के पश्चात रायपुर अस्पताल लेकर कर गए गए लेकिन चिकित्सकों ने प्रसूता की हालत गंभीर होने पर भर्ती करने से इनकार कर दिया। परिजन प्रसूता को वापस लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपचार प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। परिजन ने प्रसूता के ऑपरेशन में लापरवाही बरते का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम धमनी कष्ण नगर निवासी सुनीता सिंह पति मनीष सिंह (35 वर्ष) को 3 दिसंबर को प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन मितानिन संगीता सिंह के साथ उसे बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया । चिकित्सकों ने जांच उपरांत शिशु के गर्भ में मल कर देने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन प्रसूता को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मातृ शिशु अस्पताल में भर्ती कराया। रात लगभग 1.30 बजे प्रसूता का ऑपरेशन किया गया जहां प्रसूता ने स्वस्थ लकड़ा शिशु को जन्म दी। जिसमें बाद जच्चा बच्चा को वार्ड में भर्ती कराया। गया। इसी बीच प्रसूता के ऑपरेशन किए टांगा से रक्त स्त्राव होने पर परिजन ने घटना की जानकारी अस्पताल के स्टाफ को बताई। जिस पर प्रसूता के बच्चेदानी में परेशानी होने पर सोनोग्राफी कराया गया तो पता चला कि ऑपरेशन के बाद बच्चेदानी में परेशानी है जिस पर अस्पताल में पुनः प्रसूता का ऑपरेशन कर बच्चेदानी को निकाला गया। जिसके बाद रक्त बहना तो बंद हो गया लेकिन प्रसूता को यूरिन में परेशानी होने लगी जिससे प्रसूता की तबीयत और भी बिगड़ने लगी जिसे देख चिकित्सकों ने प्रसूता को रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन प्रसूता को ⏭ शेष पेज 4 पर

**पूर्व में भी लापरवाही का आरोप लगा चुके है परिजन**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में परिजन ने जो चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है वह को नई बात नहीं है। इससे पूर्व भी प्रसूता के ऑपरेशन करने में लापरवाही बरतने का कई आरोपी परिजन ने लगा चुके है। मेडिकल कालेज अस्पताल में ऑपरेशन में लापरवाही बरतने पर परिजन ने कई बार जमकर हंगामा भी मचा चुके है। हैरानी की बात तो यह है कि परिजन ने लापरवाही बरतने तथा जच्चा बच्चा के मौत हो जाने के बाद भी आज तक चिकित्सकों ने पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई जिस मामला जांच पर थम गई जिसे लेकर परिजन में भारी आक्रोश है।

**नहीं मिली है शिकायत**

प्रसूता की गलत तरीके से ऑपरेशन करने तथा प्रसूता की मौत हो जाने के मामले में परिजन ने कोई शिकायत नहीं किया गया है। शिकायत करने पर जांच कराई जाएगी।
-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## 35 हजार कीमत के 93 नग नशीले इंजेक्शन के साथ युवक पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



घर में अवैध रूप से नशीले इंजेक्शन की बिक्री कर रहे युवक को न सिर्फ संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने पकड़ा बल्कि उसके पास से 35 हजार कीमत के 93 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी का न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के रामानुजनगर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली की उमापुर पंडरीपानी निवासी खलेश्वर राम साहू अपने घर में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री कर रहा है।। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल अपनी टीम के साथ उसके घर में दबिश दी परंतु सरकारी वाहन और वर्दीधारी देख खिलेश्वर साहू अपने बाड़ी की ओर एक झोला लेकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। टीम ने उसके पास रखे झोले की तलाशी ली तो झोले में लगभग 35 हजार कीमत के 93 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज किया न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

सहायक आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि आरोपी पहले भी दो बार नशीले इंजेक्शन के जुर्म में जेल जा चुका है। उसने इंजेक्शन बैकुंठपुर के पुष्पेंद्र नामक व्यक्ति से खरीदा था।। पुष्पेंद्र के घर कल ही दबिश दी गई परंतु वह घर में नहीं मिला और वह फरार हो गया था उसकी पतासाजी की जा रही है। उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया जाएगा। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे,ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्राली की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** ट्रेक्टर ट्राली चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती जिला का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बगबुडवा निवासी प्रार्थी संतोष कुमार साहू पिता स्व. सतराम साहू उम्र 35 वर्ष ने 5 दिसंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रेक्टर के ट्राली किमती 2 लाख रूपये को रात्रि कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। मुखबीर से मिली सूचना पर एक व्यक्ति राताखार कोरबा में एक चोरी के ट्रेक्टर ट्राली को बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश करने की जानकारी मिली। सूचना तस्दीक हेतु राताखार कोरबा में रात में ही दबिश देकर संदेही युवक को पकड़ा गया जिसे कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह तथा उसके चार अन्य दोस्त मिलकर ग्राम बगबुडवा से ट्रेक्टर ट्राली को अपने स्वयं के सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन क्रमांक सीजी 12 बी क्यू 8464 में चोरी कर राताखार ले आये थे आरोपी ओम पाण्डेय के निशानदेही पर चोरी गये ट्रेक्टर के ट्राली तथा चोरी में प्रयुक्त सोनालिका ट्रेक्टर के इंजन को जप्त कर कार्यवाही की। जहां आरोपी ओम पाण्डेय पिता मनोज कुमार पाण्डेय उम्र 20 साल साकिन राताखार कोरबा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल, के नेतृत्व में उप निरीक्षक भूपेन्द्र चन्द्रा, प्रधान आरक्षक शब्बीर मेमन, आरक्षक जोगेश राठौर एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### मालखरौदा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 8 को

**मालखरौदा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मालखरौदा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 8 दिसंबर को रखा गया है। कैंप सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। जिसमें व्यवसाय - फिटर, विद्युतकार, वेल्डर एवं कोपा के सत्र - 2022 से 2025 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी इस प्लेसमेंट कैंप में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज] आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पासपोर्ट साइज फोटोकार्यक्रम स्थल पर साथ लाने कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षण प्रभारी व समन्वयक से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

### ट्रेनिंग पार्टनर के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जांजगीर-चांपा में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर के चयन हेतु संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति 19 दिसम्बर सायं 5.30 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में आमंत्रित की गई है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियाजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि विस्तृत जानकारी हेतु जिले की वेबसाइट अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र सोमवार 14 दिसम्बर से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे।

### लकड़ी से भरे ट्रैक्टर सहित पकड़े गए तीन आरोपी

**जांजगीर-चांपा।** तहसील मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम सारसडोल में शासकीय भूमि पर लगे कौहा वृक्ष की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सतर्कता के चलते तीन युवक लकड़ी सहित रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस ने मौके से कौहा लकड़ी लोड एक ट्रैक्टर को पकड़ा। वहीं आरोपी पिंटू साहू, सुरेन्द्र सिदार और जगन्नाथ साहू को पकड़ा है। तीनों आरोपी ग्राम नंदेली, थाना जैजैपुर जिला सक्ती के बताए जा रहे हैं।

---

**सोनहत में बिछी बर्फ की सफेद चादर** | **शाम ढलने के बाद कड़कड़ाती ठंड का होने लगा असर, अलाव का लोग ले रहे सहारा**

# ठंड का बढ़ा असर, वनांचल में पड़ रहा पाला, ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई

**बैकुण्ठपुर।** ठंड की रफ्तार अब धीरे-धीरे आज के बाद बढ़ना शुरू हो जाएगी। इस वर्ष बरसात थमने के बाद फिर बारिश नहीं हुई है, इसके वजह से दिसंबर के पहले सप्ताह तक जिस हिसाब से तापमान का पारा गिरना चाहिए था, वह अब तक नहीं गिरा है, लेकिन कोरिया जिले के पठारी क्षेत्रों में इस समय जमकर ठंड का असर देखने को मिल रहा है।

**चलने लगी है शीतलहर रात्रि में तापमान 10 डिग्री**

कोरिया जिले में ठंड का प्रभाव अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। दिन में तो अभी राहत है, लेकिन शाम ढलने के बाद कड़कड़ाती ठंड का असर होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों में रात्रि का तापमान 10 डिग्री से नीचे गिर गया है, यही कारण है कि रात्रि में इन दिनों शीतलहर भी चलने लगी है, इसका असर सुबह होने के बाद भी बना रहता है।



जिले के सोनहत रामगढ़ सहित वनांचल क्षेत्रों में इन दिनों कड़ाके की ठंड का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। जिले के पठारी क्षेत्रों में अभी से प्रतिदिन पैरावट में सुबह के समय देखने को मिल रहा है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरिया जिले के वनांचल एवं पठारी क्षेत्रों में बेहद ठंड पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को शहर क्षेत्र का पारा अधिकतम 26 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस आंकी गई। इसी तरह सोमवार को अधिकतम तापमान 27 तथा न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं कल मंगलवार से आसमान पूरी तरह से साफ रहने का अनुमान है। इस दिन से अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट होना शुरू हो जाएगी और लोगों को ठंड के तेज असर का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है इस वर्ष नवंबर के शुरूआत में ही कड़कड़ाती ठंड के असर के साथ नवंबर की शुरूआत हुई,लेकिन एक माह बीत जाने के बाद अपेक्षाकृत ठंड में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हो पाई। अब दिसंबर माह का एक सप्ताह बीत गया और कल से आसमान साफ रहने से ठंड में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगा। चालू माह में ही सबसे अधिक ठंड का असर रहता है। इसी माह के अंतिम सप्ताह में विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

### सोनहत जनपद क्षेत्र में जमकर सर्दी

कोरिया जिले के पठारी क्षेत्र सोनहत जनपद क्षेत्र में इन दिनों जमकर सर्दी पड़ रही है। ठंड का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोनहत सहित जनपद अंतर्गत कई ग्रामीण क्षेत्रों के साथ वनांचल क्षेत्रों में प्रतिदिन सुबह पैरावट एवं घास के मैदान में पाला जमा हुआ दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि सोनहत जनपद क्षेत्र में सघन वन है तथा यह जिले का पठारी क्षेत्र में आता है, इस वजब से इस क्षेत्र में ठंड का असर ज्यादा है।

---

**18 केन्द्रों में संपन्न हुई परीक्षाएं, शहर में जाम रहा ट्रैफिक व्यवस्था**

# अमीन बनने 3499 ने दी परीक्षा, 1239 अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर व आस-पास के 18 केन्द्रों में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी अमीन पद के लिए भर्ती परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की गई। सभी परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से उक्त परीक्षा संपन्न कर ली गई। सभी परीक्षा केन्द्रों में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था रही और परीक्षार्थियों को कड़ी जांच के बाद केन्द्र में प्रवेश मिला।

जानकारी के अनुसार व्यापम द्वारा आयोजित अमीन पद भर्ती परीक्षा के लिए व्यापम ने पूर्व में ही कडे निर्देश जारी किए गए थे, बावजूद इसके कई परीक्षार्थी निर्देशों से संभवतः अनभिज्ञ रहे। इस वजह से कई परीक्षार्थी फुल आस्तीन की शर्ट पहनकर परीक्षा केन्द्र पहुंचे तो उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। स्थानीय नवीन कन्या महाविद्यालय में एक परीक्षार्थी फुल आस्तीन की शर्ट पहनकर तब आया, जब परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए 5 मिनट ही शेष बचे थे, तब परीक्षार्थी ने अपनी शर्ट खोलकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश किया। इसी तरह व्यापम के निर्देशों का पालन करते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों में निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व 11:30 बजे प्रवेश द्वार बंद कर दिया गया।

5 मिनट देर से पहुंचने वालों को भी प्रवेश नहीं दिया गया। इस तरह दूर-दराज से आए कई परीक्षार्थी समय पर केन्द्र नहीं पहुंच पाने की वजह से उन्हें परीक्षा से वंचित होना पड़ा, इसके अलावा कई परीक्षार्थियों के द्वारा ड्रेस कोड का पालन नहीं करने के कारण उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त भर्ती परीक्षा में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं थी, इसके चलते परीक्षार्थी जो जूते पहनकर परीक्षा देने आए थे, उन्हें केन्द्र के बाहर उतारना पड़ा।



अभ्यर्थियों की हुई जांच।



परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### 4738 परीक्षार्थी रहे पंजीकृत

अमीन भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापम एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए विस्तृत दिशा-निर्देशों तथा कड़े प्रबंधों के बीच रविवार को परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कोरिया जिले में कुल 4738 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनके लिए 18 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए थे। परीक्षा दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुई, जबकि केन्द्रों के मुख्य द्वार 11:30 बजे समय पर बंद कर दिए गए। इस दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की व्यवस्थित फिस्किंग की गई तथा फोटोयुक्त पहचान पत्र का अनिवार्य रूप से सत्यापन भी किया गया। सुरक्षा और अनुशासन को ध्यान में रखते हुए केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। रविवार को आयोजित इस परीक्षा में कुल 3,499 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, वहीं 1,239 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### जमड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बैकुण्ठपुर।** नगर पंचायत पटना अंतर्गत ग्राम पंचायत जमड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विनायका हेल्थ केयर क्लिनिक के संचालक डॉ. रितेश कुशवाहा,श्री क्लीनिक के संचालक डॉ. शाश्वती संतरा, लक्ष्मी डेंटल क्लीनिक एवं डायग्नोसिस सेंटर के संचालक डॉ. शिवानी सृजन अग्रवाल, डॉ. निष्ठा अग्रवाल एवं सरपंच काटकोना उपस्थित रहे। शिविर में 125 मरीजों का उपचार एवं दवा वितरण किया गया। इसमें सर्दी, खांसी मौसमी बुखार के अलावा अस्थमा, गठिया, जोड़ों का दर्द, शुगर, ब्लड प्रेशर, पथरी, चर्म रोग, पाइल्स, ल्यूकोरिया, गर्भाशय से संबंधित बीमारियों, दांतों की सडन, मसूड़े में सूजन, पायरिया एवं मुख्य संबंधित बीमारियों का उपचार किया गया। शिविर को सफल बनाने में जमड़ी सरपंच, नर्स स्वाति कुशवाहा, फार्मासिस्ट रोहित साहू, लैब टेक्नीशियन दीपक कुशवाहा सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

---

# वेस्ट मुहाड़ा में पांचों श्रम संघ आज करेंगे प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा आरओ में भुगतान संकट गहराता जा रहा है। जहां सामान्य परिस्थितियों में हर माह की 2 तारीख तक वेतन वितरण पूरा हो जाता है, वहीं इस माह कामगारों को तय तिथि के बाद भी वेतन नहीं दी गई है।

■ समय पर वेतन नहीं मिला तो करेंगे उग्र आंदोलन

लगातार देरी से कर्मचारी परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। महंगाई के दौर में वेतन न मिलना कामगारों के लिए गंभीर चुनौती बन गया है, इसके चलते यहां गहरा असंतोष और नाराजगी फैलती जा रही है। कामगारों ने बताया कि वेतन की देरी के कारण घर-गृहस्थी चलाना मुश्किल हो गया है। राशन, बिजली बिल, बच्चों की फीस, बैंक की किश्तें और दैनिक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। कई श्रमिकों ने कहा कि वे मजदूर हैं, महीने की कमाई पर पूरा परिवार चलता है, ऐसे में वेतन न मिलना सीधे जीवन पर असर डाल रहा है।

इस मामले में प्रबंधन की चुप्पी और तंत्र की धीमी कार्यप्रणाली पर कर्मचारियों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। विरोध की बढ़ती भावना को देखते हुए सभी 5 श्रमिक संगठनों ने संयुक्त रूप से आंदोलन की राह पकड़ने का एलान किया है। श्रम संघों की आपात बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 दिसंबर को चरचा वेस्ट मुहाड़ा में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें काफी संख्या में कामगार शामिल होंगे। श्रमसंघ प्रतिनिधियों ने साफ कहा कि वेतन समय पर भुगतान होना कामगारों का अधिकार है, देरी से मजदूरों के जीवन पर सीधा असर पड़ता है। यदि दिसंबर माह का वेतन तुरंत जारी नहीं किया गया तो यह सिर्फ शुरूआत होगी। यूनियन नेताओं द्वारा कहा गया कि यदि भुगतान व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को जिले स्तर और आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्रीय स्तर तक विस्तार दिया जाएगा। इसमें तालाबंदी, कार्य बहिष्कार और बड़े पैमाने पर औद्योगिक अवरोध की संभावनाएं भी शामिल हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और मजदूर परिवारों में भी इस मुद्दे को लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है।

## बेजुबानों का प्रेम...



**बैकुण्ठपुर।** कड़कडाती ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे बेजुबानों में छिपा अद्भुत प्रेम की यह तस्वीर शहर के मुख्य मार्ग में रविवार को सुबह कैद किया गया। बेजुबान पिल्ले बेफिक्री की छॉव में मॉ से लिपट कर सो रहे हैं, जिनके लिए जहां मॉ वहीं घर है।

## विद्यार्थियों ने की मंदिरों में पूजा-अर्चना



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में कक्षा अरूण से प्रथम तक के सभी भैया बहनों को देव दर्शन एवं वन संचार कार्यक्रम के तहत हसदेव गंगा तट पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर सूर्य मंदिर एवं गायत्री मंदिर में दर्शन कर पूजन-अर्चन किया गया। पार्क में पदस्थ अधिकारी इंद्र कुमार बंजारे द्वारा भैया बहनों को समुद्री जीवाश्म एवं पेड़ पौधों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्रा, शिक्षा समिति के सदस्य दीपक अग्रवाल, उनकी पत्नी संगीता अग्रवाल, सुपुत्री तृषा अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य विनोद शुक्ला, प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद मिश्र , रत्नमणि केसरवानी, रमा सोनी, मंजूला सोनी आदि की गरिमा मयी उपस्थिति रही। प्राचार्य श्री शुक्ला द्वारा समिति के सदस्यों व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र एवं फाजिल पार्क के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# घर-घर स्वदेशी अभियान एसआईआर को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय छिन्दडांड़ बैकुंठपुर में आत्मनिर्भर भारत, एसआईआर, हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार में इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया, वोकल फॉर लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे तो न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर कहा कि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, बीएलए 2 प्रत्येक मतदान केन्द्र में सभी मतदाताओं का गणना पत्रक पूर्ण कर बीएलओ के पास जल्द से जल्द जमा कराने में सहयोग करें। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने मंडलवार संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने आगामी कार्यक्रम के लिए आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम प्रभारियों की घोषणा किया। इसमें प्रमुख रूप से विद्यालय एवं शिक्षण संस्थान प्रभारी रविशंकर राजवाड़े, निकाय एवं सरकारी प्रतिष्ठान प्रभारी राजेश सिंह, बस स्टैण्ड के लिए स्टॉल प्रभारी शारदा गुप्ता, सार्वजनिक स्थानों पर गतिविधियां के प्रभारी अनिल साहू, प्रबुद्धजन एवं वशिष्टजन संपर्क प्रभारी बसंत राय, सामाजिक प्रतिष्ठान के लिए कार्यक्रम प्रभारी अशोक जायसवाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम प्रभारी कपिल जायसवाल, पदयात्रा एवं घर-घर संपर्क का व्यापक अभियान के लिए प्रभारी चुन्नी पैकरा को बनाया गया है।

## ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर ही बने राशन कार्ड की मांग जोर पर

**चरचा कॉलरी।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने एकजुट होकर राशन कार्ड वितरण व्यवस्था में सुधार और प्रक्रिया को पंचायत प्रस्ताव आधारित करने की मांग तेज कर दी है। इसी संदर्भ में सरपंच संघ ने 5 दिसंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बैकुंठपुर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि शासन की किसी भी योजना के लाभ के लिए ग्राम पंचायत की स्वीकृति अनिवार्य होती है, फिर भी कई मामलों में पंचायत प्रस्तावों को दरकिनार कर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण हितग्राहियों को न केवल परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी उपेक्षित होती दिख रही है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायतों द्वारा विधिवत बैठक कर एवं पंच-सरपंच के हस्ताक्षरों से नवीनीकरण, नाम जोड़ने, नाम काटने तथा नए राशन कार्ड जारी करने संबंधी प्रस्ताव कार्यालय में भेजे गए हैं, इसके बावजूद इन प्रस्तावों पर महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं होती, जिससे पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड न मिलने से वे कई योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। सरपंच संघ ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए आरोप लगाया कि प्रस्ताव के अनुरूप कार्य नहीं होने से पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों पर अनावश्यक दबाव और आरोप लगते हैं, जबकि देरी विभागीय कार्यालय स्तर पर ही होती है।

---

**जिलेभर में महापरीक्षा का आयोजन**

# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान : 77 वर्ष की बुजुर्ग बनी प्रेरक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कंडिका 23 सबके लिए शिक्षा के अनुरूप आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के महापरीक्षा दिवस पर जिलेभर में विशेष उत्साह देखा गया।

कलेक्टर के निर्देशानुसार इस परीक्षा को सफल व व्यापक बनाने के लिए पूर्व में ही कई जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए थे। जिले के विभिन्न ग्रामों में मशाल रैली, कोटवारों द्वारा मुनादी, दीवारों पर जनजागरण नारे तथा जन-जागरूकता रैलियों के माध्यम से शिक्षार्थियों को परीक्षा में अनिवार्य उपस्थिति के लिए प्रेरित किया गया।



इन प्रयासों ने गांव-गांव और घर-घर तक अभियान का संदेश पहुंचाकर साक्षरता के महत्व को गहराई से स्थापित किया। उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत इस वर्ष जिले के 303 परीक्षा केन्द्रों में महापरीक्षा का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। परीक्षा प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित की गई थी। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में परीक्षा का शुभारंभ किया गया। प्रमुख केन्द्रों में व्यवस्था का सतत निरीक्षण किया गया और परीक्षार्थियों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गइं। इस महापरीक्षा की सबसे प्रेरणादायक झलक 77 वर्षीय मटूक लाल (टेंगनी, संकुल मनसुख ब) रहे, जो इस परीक्षा में शामिल हुए। इसी तरह एक बुजुर्ग महिला अपनी पोती के साथ परीक्षा देने पहुंची। उन्होंने बताया कि उम्र चाहे जो हो, सीखना हमेशा संभव है। उनके इस उत्साह ने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित सभी को प्रेरणा दी।

### अभियान का आयोजन नागपुर में



**नागपुर।** उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान 2025-26 के तहत आयोजित नवसाक्षर शिक्षार्थी परीक्षा का सरगुजा संभाग सहायक संचालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा एमसीबी जिले के विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़, संकुल केन्द्र नागपुर अंतर्गत परीक्षा केन्द्र शासकीय माध्यमिक शाला हर्रा में पहुंच कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा में बैठे कुल 24 नव साक्षरों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री गुप्ता के साथ बीईओ मनेन्द्रगढ़ विपिन कुमार पाण्डेय, सहायक बीईओ मनेन्द्रगढ़ वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय एवं शैक्षिक समन्वयक नागपुर दुर्गा प्रसाद जायसवाल उपस्थित रहे।

# स्कूल परिसर के बाहर मुख्य मार्ग किनारे डॉग फीडिंग एरिया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सुप्रीम कोर्ट ने बस स्टैंड, अस्पताल, स्कूल जैसे एरिया में आवारा कुत्तों को दूर हटाने के निर्देश दिए गए थे। कोर्ट के निर्देश के बाद भी नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के एक स्कूल परिसर के बाहर सड़क किनारे स्ट्रे डॉग फीडिंग एरिया बना दिया है। स्कूल परिसर के बाहर मुख्य मार्ग किनारे नपा द्वारा डॉग फीडिंग एरिया बना दिए जाने से स्कूली बच्चों को आवारा कुत्तों से संभलकर रहना होगा अन्यथा कभी किसी के लिए आवारा कुत्ता मुसीबत का कारण बन सकता है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के महलपारा में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल के दीवार के बाहरी हिस्से में मुख्य मार्ग किनारे स्टे डॉग फीडिंग एरिया का बैनर लगाया गया है, जबकि यह स्थल स्कूल परिसर का है और यह मुख्य मार्ग किनारे का स्थल है, ऐसे स्थल पर स्ट्रे डॉग फीडिग एरिया नहीं बना जाना चाहिए था, लेकिन नियमो को खुद निकाय तोड़ रहा है। नपा द्वारा स्कूल के दीवार के बाहर लगाए गए बैनर में आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन स्थल बनाया गया है ।




### सार्वजनिक स्थल पर प्रतिबंध

सुप्रीम कोर्ट के आर्डर डेट 22 अगस्त के अनुसार सड़क, गली, पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थनों पर भोजन कराना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है, इसका उल्लंघन करने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस आशय का बैनर नपा बैकुंठपुर द्वारा कई जगहों पर दर्शित किया गया है, बावजूद इसके नपा के जिम्मेदार ही उल्लंघन कर रहे हैं। नपा के जिम्मेदार को यह देखने की फूर्सत ही नहीं है कि आवारा कुत्तों के लिए भोजन स्थल जिस जगह निर्धारित किया गया है वह उचित स्थल पर है नहीं। कर्मचारियों के भरोसे आवारा कुत्तों के लिए भोजन स्थल बेनर लटका कर बना दिया गया।

## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठकों के सेमिनार में नवाचारी शिक्षक पर चर्चा

**उदयपुर।** शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से प्रधान पाठक सेमिनार का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। सेमिनार में बीईओ रविकांत यादव, श्रोत समन्वयक उषा किरण बखला, जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता सभी संकुल समन्वयक एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठक शामिल हुए। शिक्षा विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सेमिनार में 13 चयनित प्रधान पाठकों ने अपने विद्यालयों में किए गए नवाचारी शैक्षिक कार्यों के प्रोजेक्ट को प्रस्तुत किया। प्रमुख प्रोजेक्ट में पुस्तकालय निर्माण एवं उपयोग, प्रिंट-रिच वातावरण निर्माण, सुबह की असेंबली में नवाचार, रचनात्मक लेखन एवं अन्य बाल केंद्रित गतिविधियां शामिल थी। प्रोजेक्ट के अनुभवों पर प्रधान पाठकों के लेख जिला स्तर पर प्रकाशित पुस्तक प्रधान पाठकों की पहल सीखने की ओर नए कदम में शामिल किया गया है। हर प्रधान पाठक ने अपने विद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप एक या अधिक प्रोजेक्ट का चयन कर टीम के साथ उन पर कार्य प्रारंभ किया। प्रधान पाठकों व शिक्षकों ने निरंतर प्रयास से बच्चों की मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति में सुधार, सीखने के स्तर में वृद्धि, बच्चों की उपस्थिति में सुधार तथा विद्यालय के वातावरण में सकारात्मक बदलाव लाया है।

### साई कॉलेज में हुई गायन प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि संगीत जीवन में है और उसका आनंद सभी को प्राप्त है। गीत-संगीत मानसिक तृप्ति, संतुष्टि के साथ जीवन जीने की कला है इससे हमेशा



सीखना है और सिखाना भी है। कला की प्रत्येक विधा में पारंगत होना गर्व की बात है। यह प्रतियोगिता आप सभी को एक नया मंच प्रदान करेगी। इस दौरान मीनल सिंह ने जय-जय गौरी से भक्तिभाव का संचार किया तो अंकुश गुप्ता ने ताकते रहते तुझको गीत की मधुर प्रस्तुति दी। शमा टोप्पो ने मोह-मोह के धागे, शुभ पाण्डेय ने क्या हुआ तेरा वादा, संजीता चौधरी ने तुने ओ रंगीला, आकाश भगत ने चुनर-चुनर पैरी बाजे, अनन्या सोनी आपकी नजरों ने समझा की प्रस्तुति दी। प्रवीण खलखो, धनेश्वरी निषाद, चांद रोजन वास्ते, प्रवीण खलखो ने सुमधुर प्रस्तुति दी। निर्णायकों में रेखा इंगोले, अलका इंगोले तथा समाज सेविका वंदना दत्ता थीं। प्रतियोगिता का संचालन विधि पाण्डेय और निषाद निशान ने किया। प्रतियोगिता के संयोजन में कल्चरल कमेटी के प्रभारी देवेंद्र दास सोनवानी, डॉ.अलका पाण्डेय, डॉ.जगमीत कौर, आकांक्षा श्रीवास्तव, रौनक निशा तथा विनिता मेहता ने किया।

### जब्त 1 वाहन को राजसात करने जारी किया आदेश

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम के तहत पशु तस्करी प्रकरण में जब्त किए गए एक वाहन को शासन के पक्ष में राजसात करने का आदेश कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट एस जयवर्धन ने जारी किया है। इस मामले में राजसात की कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कलेक्टर सूरजपुर को भेजा था। राजसात किए गए वाहन में 11 जून को खोपा की तरफ से लोधिमा चौक के पास स्वराज माजदा ट्रक क्रमांक यूपी 64 बीटी 1334 से 21 रास भैंसा, भैस एवं पड़िया को क्षमता से अधिक क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाया जा रहा था, जिसे रोककर पूछताछ करने पर वाहन के मालिक जिला सिंगरौली अंतर्गत ग्राम जियावन निवास मो. रहीम आ.मो. सलीम (28 वर्ष) द्वारा बताया कि अपने साथियों के साथ पशुओं को अवैध तरीके से कानपुर ले जा रहा था जिस पर चौकी बसदेई में अपराध अधिनियम की धारा 11(1) (घ) एवं छ.ग. कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था और ट्रक से 16 रास भैस, 4 रास भैसा एवं 1 रास पड़िया कुल 21 रास मवेशियों एवं मवेशियों में परिवहन में प्रयुक्त स्वराज माजदा ट्रक यूपी 64 बीटी 1334 को न्यायालय के समक्ष जब्त किया गया। मामले में मो. रहीम आ. मो. सलीम (38 वर्ष), तनवीर अहमद (34 वर्ष) एवं थाना बरगांव अंतर्गत गिधेर निवासी खालीद हुसैन (21 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड भेजा गया था। इस मामले में कलेक्टर ने विधिवत सुनवाई पूरी करते हुए राजसात का आदेश 3 दिसंबर को जारी किया गया है। अब इस वाहन की नीलामी कर प्राप्त राशि शासन के निर्धारित मद में जमा कराई जाएगी। यदि न्यायालय से कोई निर्देश प्राप्त होता है, तो आगे की कार्रवाई उसी के अनुरूप की जाएगी।

## पेज 1 के शेष...

### ऑपरेशन के बाद गंभीर हुई प्रसूता...

लेकर रायपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर भर्ती करने से इनकार कर वापस जिस अस्पताल में भर्ती किए है वहां ले जाने की सलाह दी। परिजन प्रसूता को वापस लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी रास्ते में प्रसूता ने दम तोड़ दिया। परिजन प्रसूता को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रसूता को मृत घोषित कर दिया इधर परिजन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा गलत तरीके से ऑपरेशन करने का आरोप लगाया है जिससे प्रसूता की जान चली गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## चार दिनों से कर रहा है धान व सब्जियों की फसल को तबाह

# एक महीने बाद लुण्ड्रा जंगल में लौटा 26 हाथियों का दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

26 हाथियों का बड़ा दल जशपुर में एक महीने तक भ्रमण करने के बाद वापस लुण्ड्रा जंगल में लौट आया है। हाथियों के आबादी क्षेत्र के निकट भ्रमण करने के कारण ग्रामीण रतजगा करने मजबूर है।

**खास बात**
- कड़ाके की ठंड में भयभीत ग्रामीण कर रहे रतजगा

लम्बे समय तक प्रतापपुर, राजपुर एवं लुण्ड्रा जंगल का भ्रमण करने के बाद 25 हाथियों का दल जशपुर की ओर गया था। जशपुर जंगल के भ्रमण के दौरान दल में एक नया मेहमान शामिल हुआ है जिससे हाथियों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। वन अधिकारियों का कहना है कि हाथियों का दल शांत है तथा आमतौर पर आबादी क्षेत्र से दूर रहता है। दल के हाथी न तो आबादी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं न ही घरों में ही तोड़फोड़ करते हैं। छेड़छाड़ करने एवं हाथियों का रास्ता बाधित करने पर हाथी उग्र होते है। हाथियों का दल सीतापुर, बगीचा, बतौली जंगल का भ्रमण करते हुए चितरपुर जंगल में दाखिल हुआ था तथा चितरपुर, सरईपानी, नोनपानी, गेऊर पानी, डूमर पानी का भ्रमण करते हुए वर्तमान में जोरी जंगल के कक्ष क्रमांक 2670 में मौजूद है। जोरी के निकट बलरामपुर वनमण्डल के शंकरगढ़ का जंगल होने के कारण हाथियों के शंकरगढ़ के रास्ते राजपुर जंगल जाने की संभावना जताई जा रही है।

### दंतैल ने महिला को किया घायल



रविवार को वन परिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत पुटा जंगल में अकेले घूम रहे दंतैल ने एक महिला पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सनमेत पति धुरवा सोनतरई जंगल में गई थी। इस दौरान दंतैल का सामना हो गया। दंतैल के हमले में महिला को गंभीर चोटें आई है। सूचना पर वन अमले ने पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### कर रहे सब्जियों की फसल तबाह

वर्तमान में धान की फसल कट गई है तथा किसान रबी फसलों की बुनाई कर रहे हैं। खेतों में हाथियों के भोजन योग्य फसल नहीं होने के कारण हाथी खलिहानों में रखी धान की फसल एवं खेतों में लगी सब्जियों की फसल से अपनी भूख मिटा रहे हैं। एक साथ 26 हाथियों का दल खेतों की पूरी फसल को चट कर दे रहे हैं। हाथियों की मौजूदगी की दृष्टि से प्रतापपुर के जंगलों को बेहद संवेदनशील माना जाता है तथा बहुतायात में गन्ना की खेती होने के कारण हाथी प्रतापपुर में अधिक समय गुजारते हैं। 26 हाथियों के दल के भी प्रतापपुर की ओर जाने की संभावना है।

#### बढ़ा जनहानि का खतरा

किसान अभी अपनी धान की मिसाई में व्यस्त है। खलिहानों में धान की फसल पड़ी होने के कारण किसान कड़ाके की ठंड में भी फसल की निगरानी करने के उद्देश्य से खलिहानों में ही रात गुजार रहे हैं। ऐसे में हाथियों के पहुंचने पर जनहानि का खतरा बढ़ गया है। हालांकि वन अधिकारी हाथियों की नियमित निगरानी करने एवं ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह देने का दावा कर रहे है।

## विद्युत विभाग की बड़ी कार्रवाई, काटे 23 बकायेदारों के कनेक्शन

**सूरजपुर।** जिले में बकाया बिजली बिल की लगातार बढ़ती राशि पर प्रभावी नियंत्रण तथा लंबे समय से देयक भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई शुरू कर दिया है। विभाग के कर्मचारियों ने बकायादार 23 उपभोक्ताओं को कनेक्शन काट दिया। सुरजपुर उपसंभाग अंतर्गत वितरण केंद्र सुरजपुर शहर एवं ग्रामीण में विशेष वसूली अभियान चलाया गया, जिसके तहत विभागीय टीम ने बड़ी कार्रवाई की। मुख्य अभियंता अम्बिकापुर क्षेत्र यशवंत शिलेदार एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता आवेदन कुजूर के निर्देशन में कार्यपालन अभियंता बसंत सोम तथा जिले में पदस्थ सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की संयुक्त टीम ने सुबह बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की शुरुआत की। इस दौरान 38 बकायादारों के कनेक्शनों में बकाया राशि 16,5,777 रुपये की सूची संयुक्त टीम को वसुली हेतु दी गई । उनके द्वारा संघन लाइन विच्छेदन बकाया राशि भुगतान की कार्रवाई में 23 बकायेदारों के विरुद्ध 8,37,494 रू0 के कनेक्शन काटे गए एवं 15 बकायेदारों ने तत्काल अपने बकाये का भुगतान करते हुए कुल 2,85,380 रुपये जमा किए। मुख्य अभियंता शिलेदार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बकाया वसूली के लिए प्रतिदिन इसी प्रकार सघन मुहिम चलाएं, ताकि बकाया राशि की रिकवरी में तेजी लाई जा सके। उन्होंने निर्देश दिए है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं, उनके घरों में शाम के समय नियमित जांच की जाए। यदि कोई उपभोक्ता बिजली का उपयोग अनाधिकृत रूप से करते पाया जाता है तो उनके विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135,138 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आसपास से अनाधिकृत कनेक्शन लेकर बिजली उपयोग करने पर धारा 138 के तहत एफआईआर दर्ज कर न्यायालयीन कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झींगो में रविवार को जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत शामिल हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर एवं खेलभावना के मंत्र के साथ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम मुकाबले में बलरामपुर बनाम धंधापुर के बीच रोमांचक मैच खेला गया। टॉस धंधापुर की टीम ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बलरामपुर की टीम ने निर्धारित ओवरों में संघर्ष करते हुए कुल 61 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धंधापुर की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 6.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। धंधापुर के बल्लेबाज दीपक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 47 रन की आतिशी पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर स्थानीय युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, झींगो की सरपंच श्रीमती उषा किरण तिर्की, उपसरपंच श्रीमती आशा मुनी, कौडू के सरपंच करम साय, संतोष पांडे, विकास अंबष्ट, उदय यादव, रंजीत सोनी, संतोष सोनी, दुहन राम, सावंत त्रिपाठी, कप्तान संतोष यादव एवं पूरी टीम, सनातनी 11 टीम के सदस्य तथा आयोजन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## करंजी रेलवे साइडिंग से कोल परिवहन बंद होने से ट्रक मालिकों की मुश्किलें बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करंजी रेलवे साइडिंग से सप्ताहभर के अधिक समय से कोल परिवहन बंद होने के ट्रक मालिकों व कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि ट्राला मालिकों से लेकर मजदूरों तक सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है,इस स्थिति से चिंतित ट्राला वाहन मालिक संघ ने शनिवार को कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात कर कोल साइडिंग को अविलंब शुरू कराने की मांग की है।

- केबिनेट मंत्री से भेंट कर लगाई मदद की गुहार



मंत्री ने इस गंभीर मुद्दे पर जल्द उच्चस्तरीय बैठक बुलाने का आश्वासन दिया है,गौरतलब है कि करंजी साइडिंग से सटे गांवों के आक्रोशित व नाराज ग्रामीणों ने एक बार फिर जोरदार आंदोलन की राह पकड़ते हुए 1 दिसंबर की दूसरी पाली से बेरियर लगाकर साइडिंग का पूरा संचालन रोक दिया है,ग्रामीणों का कहना है कि सड़क मरम्मत का काम वर्षों से अब तक अधूरा पड़ा हूआ है,धूल व अव्यवस्था से गांव में गंभीर स्वास्थ्य संकट,आवागमन में परेशानी,स्कूली बच्चों तक का जीवन प्रभावित,पेयजल व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है,इन समस्याओं को लेकर ग्रामीण पहले भी कई बार आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन उन्हें केवलअब तक कोरा व खोखला आश्वासन ही मिलता आया है,ज्ञात हो कि गत दिनों 19 नवंबर को ग्रामीणों, प्रबंधन, ट्रांसपोर्टरों और प्रशासन के बीच हुई बैठक में लिखित समझौता हुआ थ, इसमें स्पष्ट उल्लेखित था कि 30 नवंबर से साइडिंग पर कोल परिवहन पूरी तरह रोक दिया जाएगा।

किसानों की क्षतिग्रस्त फसलों की क्षतिपूर्ति सरकारी दरों के अनुसार की जाएगी,सड़क मरम्मत व अन्य बुनियादी सुविधाओं पर तत्काल कार्यवाही होगी,लेकिन ग्रामीणों के अनुसार 30 नवंबर की समयसीमा बीतने के बावजूद कोल परिवहन जारी होता रहा,इससे नाराज ग्रामीणों ने 1 दिसंबर को सख्त कदम उठाते हुए साइडिंग को बंद कर दिया है,कोल परिवहन रुक जाने के बाद से सबसे ज्यादा असर ट्राला मालिकों पर पड़ा है,उनका कहना है कि रोजाना कई लाख रुपये की क्षति उठानी पड़ रही है, ट्राला व ट्रक जाम लगने की तरह एक जगह खड़े हो गये हैं, ड्राइवर, क्लीनर, मजदूरों की आमदनी बंद हो गई है। बैंक की किश्तें,गाड़ी का मेंटेनेंस,डीज़ल उधारी की पेमेंट जैसे बोझ बढ़ते जा रहे हैं,ट्राला संघ ने कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े को बताया कि एक सप्ताह की यह बंदी पूरे परिवहन नेटवर्क को ठप्प कर चुकी है,साइडिंग प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीणों की मांगें उचित हैं,लेकिन कुछ मुद्दे शासन स्तर पर निर्णय मांगते हैं,मुलाकात के दौरान मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि ग्रामीणों की मांगें वाजिब हैं और परिवहन बंद होने से ट्राला मालिकों पर भी भारी असर पड़ रहा है,सभी पक्षों को साथ बैठाकर एक स्थायी समाधान निकालने का प्रयत्न करेंगे।

## कलेक्टर ने जारी किया कड़े आदेश, 9 दिसंबर तक 100 प्रतिशत खसरा के सत्यापन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

धान खरीदी केंद्रों की अव्यवस्था और रकबा कटौती से नाराज़ किसानों के शुक्रवार को हुए धरना–प्रदर्शन का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। प्रतापपुर तहसील प्रांगण में सैकड़ो किसानों की गरज, जनप्रतिनिधियों के तीखे तेवर और सोशल मीडिया में खबरों की गूंज के बाद अंततः जिला प्रशासन हरकत में आ गया। कलेक्टर सूरजपुर ने शनिवार को देर शाम एकीकृत किसान पोर्टल में छूटे खसरों का सत्यापन और जोड़ने के लिए बड़े स्तर पर तहसीलवार ड्यूटी आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले





के सभी तहसीलों में लं बि त खसरों की तात्कालिक समीक्षा कर 9 दिसंबर तक शत-प्रतिशत सत्यापन और पोर्टल में प्रविष्टि कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए सूरजपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर, ओड़गी, भटगांव, प्रतापपुर, लटोरी और जयनगर सहित सभी तहसीलों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, आरएईओर और पंचायत सचिवों की संयुक्त टीम गठित की गई है। कलेक्टर के आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि नोडल अधिकारी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करेंगे और रिपोर्ट कार्यालय भू-अभिलेख को भेजेंगे। किसानों से सीधे संपर्क कर छुटे हुए खसरों को तुरंत सीएसी सेंटर या सहकारी समिति के माध्यम से पोर्टल में जोड़ना अनिवार्य किया गया है।

#### दबाव में आया प्रशासन

प्रतापपुर तहसील में किसानों के ऐतिहासिक धरने में कांग्रेस महामंत्री शिव भजन मरावी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। किसानों ने धान खरीदी में रकबा कटौती, ऑनलाइन टोकन की अव्यवस्था और समितियों द्वारा जबरन बोरी पलटी जैसे मुद्दों पर कड़ा विरोध जताया था।








## युवा सम्मेलन में रोजगार योजनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमोहिनी देवी भवन में रविवार को युवा मोर्चा का विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में भाजपा के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत और एसआईआर पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के उद्बोधन ने युवाओं में नवसंकल्प और जोश का संचार किया। इस दौरान हरपाल सिंह भामरा, अंबिकेश केशरी, विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, राजकुमार बंसल, जन्मेजय मिश्रा, निलेश सिंह, गोल्डी बिहाड़े सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। युवा उद्यमी अभिषेक सिंह और आयुष तिवारी ने आत्मनिर्भर भारत पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा युवाओं को विभिन्न रोजगार सृजन के अवसरों के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुद्रा योजना, स्टार्टअप सहायता, सब्सिडी स्कीम समेत केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव तथा आभार प्रदर्शन जिला मंत्री वीर सोनी ने व्यस्त किया गया।



## न्यायाधीशों ने मूक-बधिर बच्चों को वितरण किए गर्म कपड़े

**बिश्रामपुर।** ज्ञानोदय मूक-बधिर विद्यालय बिश्रामपुर में जिला न्यायालय सूरजपुर के न्यायाधीशों द्वारा विद्यालय का भ्रमण कर मूक बधिर बच्चों को गर्म कपड़े व मिष्ठान वितरण किए गए। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल द्वारा किया गया। सभी न्यायधीशों ने अपने हाथों से प्रत्येक बच्चे को व्यक्तिगत रूप से गर्म कपड़े भेंट किए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनिता वार्नर ने यहां पर घोषणा किया कि जूट क्राफ्ट के लिए आवश्यक रॉ-मटेरियल संस्था को उपलब्ध कराया जाएगा ताकि बच्चे और भी उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकें।

मूक बधिर बच्चों की प्रतिभा का प्रेरक प्रदर्शन विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत संकेत आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। मूक बधिर बच्चों की लय, प्रस्तुति और भाव-अभिव्यक्ति की न्यायालय परिवार ने काफी प्रशंसा की। संस्था की ओर से प्रस्तुतीकरण देते हुए संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने विद्यालय की उपलब्धियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं श्रवण-बाधित बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ज्ञानोदय का उद्देश्य है कि प्रत्येक श्रवण-बाधित बच्चा आत्मनिर्भर बने और सम्मानजनक जीवन जी सके। न्यायालय परिवार का सहयोग हमारे मिशन को और सशक्त बनाता है।

इस दौरान प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्रीमती विनिता वार्नर के अलावा मान्वेंद्र सिंह प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सूरजपुर, सुमित कुमार द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, डीएस बघेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती रुचि मिश्रा न्यायिक मजिस्ट्रेट, आशीष भगत न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री पायल टोपनो सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर उपस्थित रहे। न्यायाधीशों द्वारा यहां पर विद्यालय एवं कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का भ्रमण कर विभिन्न कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का गहन अवलोकन किया। यहां पर मूक बधिर बच्चों द्वारा तैयार जूट क्राफ्ट, पेंसिल आर्ट, कप्यूटर प्रोजेक्ट, हस्तकला वस्तुएं, कला एवं संकेत भाषा आधारित गतिविधि को सराहनीय बताया गया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

